ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शनिवार 27 सितम्बर 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 161

थानों से तुरंत हटाइए सीसीटीवी, क्योंकि फुटेज तो किसी को दे ही नहीं रहे!! ऊपर से आ रहे 'सुप्रीम' निर्देश, नीचे खुलकर मनमानी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान में पुलिस थानों में करोड़ों रुपए खर्च कर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का असली उद्देश्य आम जनता की निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। लेकिन हाल के मामलों ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि अगर आम नागरिकों को फुटेज ही नहीं मिल रहे तो इन कैमरों का क्या मतलब है। जबकि कैमरे आम आदमी के टेक्स के करोड़ों रूपयों से लगाए गए हैं। करोड़ों लगाकर इनकी मेंटनेंस की जा रही हैं। इनके लिए बकायदा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ऐसे में मनी ओर मेन पावर दोनों ही वेस्ट हो रहे है। हर घटना के बाद आरओआई में सीसीटीवी थानों से मांगने पर नए बहाने बनाकर टरकाया जा रहा है। तो अब मांग यह उठने लगी है कि जब फुटेज ही नहीं मिल रहे हैं तो उनको लगाने का औचित्य ही क्या है।

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में राजस्थान में पुलिस हिरासत में 11 मौतों के बाद थानों में सीसीटीवी कैमरों की स्थिति पर सख्त सुनवाई की। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि हर थाने में कितने कैमरे हैं और वे कहां लगे हैं, इसकी जानकारी दो हफ्ते के भीतर दी जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि निगरानी इंसानी हस्तक्षेप पर नहीं बल्कि एआई आधारित प्रणाली से होनी चाहिए।

जनता के हक की अनदेखी

वहीं, निचले स्तर पर थानों से सीसीटीवी फुटेज आम नागरिकों तक पहुंचाने में बड़ी अनियमितता है। आरटीआई के माध्यम से मांगने पर पुलिस लगातार बहाने बना रही है। देश के जाने माने आरटीआई एक्टिविस्ट और पत्रकार जयवंत भैरविया की आरटीआई से यह खुलासा हो गया है कि हर बार बहाने बनाए जा रहे है। तब भी जब कोर्ट सुनवाई कर रहा है। उदयपुर और अन्य जिलों में कई मामलों में ऐसा हुआ कि तकनीकी कारण, स्टोरेज न होना, रिकॉर्ड डिलीट हो जाना या जांच चल रही होने का हवाला देकर फुटेज देने से मना कर दिया गया। कई बार तो ऐसे बेतुके जवाब दिए गए जो गले ही नहीं उतरते। यदि सीसीटीवी देने से थानों की गोपनीयता भंग होती है तो उनके होने का औचित्य ही क्या है। उदाहरण के लिए सुखेर थाना (उदयपुर) में नवंबर 2024 में तेजपाल मीणा की मौत। इसका आरटीआई में जवाब आया कि तकनीकी कारण से फुटेज खराब हो गए। गोगुंदा थाना में मई 2025 में सुरेंद्र देवड़ा की मौत। जवाब आया कि सीसीटीवी उपकरण पुराना होने के कारण स्टोरेज नहीं है। कांकरोली, अलवर, खेतड़ी, परसाद, श्रीगंगानगर, जयपुर, भरतपुर, कोटा सहित सभी में विभिन्न मामलों में बहाने बनाए गए व फुटेज नहीं दिया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर फुटेज आम जनता को नहीं मिल रहे हैं, तो थानों में कैमरे लगाना सिर्फ दिखावा बन जाता है। सुप्रीम कोर्ट लगातार थानों में निगरानी पर सख्ती कर रहा है, लेकिन निचले स्तर पर अधिकारियों की ढिलाई और मिलावट कैमरों की उपयोगिता पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है।

सुप्रीम कोर्ट के पुराने आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने 2018 और 2020 में स्पष्ट आदेश दिए थे कि थानों के सभी हिस्सों में कैमरे लगाना अनिवार्य है, ताकि मानवाधिकारों का उल्लंघन रोका जा सके। लेकिन अब स्थिति यह है कि आम जनता के हक की अनदेखी और फुटेज की उपलब्धता में बाधा बन रही है। राजस्थान पुलिस और राज्य सरकार को यह तय करना होगा कि अगर फुटेज आम जनता और जांच के लिए उपलब्ध नहीं कराया जा सकता, तो थानों में लगे सीसीटीवी कैमरे हटाना ही बेहतर विकल्प है। वरना यह करोड़ों की जनता की संपत्ति पर बेकार खर्च बनकर रह जाएगा। कोर्ट को भी यह देखना होगा कि उनके पुराने आदेश ही नहीं माने जा रहे हैं तो नए आदेशों का आखिर क्या हश्र होने वाला है यह चिंतनीय विषय है।

जन प्रतिनिधि साबित हुए नाकारा

इस मुद्दे पर हमारे जन प्रतिनधि नाकारा साबित हुए हैं। उन्होंने कभी इस मुद्दे पर जनता के साथ खड़े होना ठीक नहीं समझा। थानों में प्रताड़ना व हत्या के आरोप लगते हैं, हंगामा होता है मगर जन प्रतिनिधि सीसीटीवी खुद कभी नहीं मांगते । वे किससे डरते हैं या फिर वे खुद किसी सिस्टम को फॉलो करते हैं यह जांच का विषय है।

BSNL का 4G नेटवर्क लॉन्च:अब भारत के सभी टेलिकॉम ऑपरेटर 4G से लैस, गांव-शहर सभी जगह तेज 4G इंटरनेट मिलेगा



24 न्यूज अपडेट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज (27 सितंबर) BSNL का 4G नेटवर्क लॉन्च किया। BSNL 4G अब देशभर के 98 हजार लोकेशंस पर रोलआउट हो गया है। यह नेटवर्क पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर तैयार हुआ है।

इस सर्विस के लॉन्च होते ही भारत के सभी टेलिकॉम ऑपरेटर 4G से लैस हो गए हैं। जियो, एयरटेल, वोडाफोन-आईडिया (VI) जैसी कंपनियां पहले से ही 4G और 5G नेटवर्क पर हैं।

साथ ही, भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है जो खुद अपने इस्तेमाल के लिए टेलीकॉम कंपोनेंट्स बनाते हैं। यह तकनीक पूरी तरह भारत में बनी है और भविष्य में 5G सेवाओं में अपग्रेड किया जा सकेगा।

बैंकों को 15 दिन में करना होगा क्लेम सेटलमेंट:नहीं तो मृतक के नॉमिनी को मुआवजा देना होगा



24 न्यूज अपडेट

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने क्लेम सेटलमेंट के नियमों को रिवाइज किया है। नए नियमों के मुताबिक बैंकों को अपने मृतक ग्राहक के बैंक अकाउंट या लॉकर के क्लेम को 15 दिन में सेटल करना होगा। अगर, इसमें देरी हुई तो नॉमिनी को मुआवजा देना होगा।

सेंट्रल बैंक के नई गाइडलाइन से बैंकों के अगल-अलग सेटलमेंट का नियम एक हो जाएगा, जिससे कस्टमर्स के क्लेम का निपटारा आसानी से हो सकेगा। RBI ने कस्टमर सर्विस को सुधारने के लिए डॉक्यूमेंटेशन को भी स्टैंडर्डाइज्ड करने का फैसला किया है। नया नियम देश के सभी बैंकों को 31 मार्च 2026 से पहले लागू करना होगा।

RBI ने शुक्रवार, 26 सितंबर को नए नियम जारी किए, जिनके तहत मृतक ग्राहकों के बैंक खाते या लॉकर के क्लेम को 15 दिन में सेटल करना होगा। अगर देरी हुई, तो नॉमिनी को मुआवजा मिलेगा।

इनका मकसद बैंकों में अलग-अलग चल रही सेटलमेंट प्रोसेस को एकसमान करना और कस्टमर सर्विस को बेहतर बनाना है। साथ ही, जरूरी दस्तावेजों को स्टैंडर्ड करके प्रक्रिया को आसान बनाना है।

RBI का ये निर्देश देश के सभी कॉमर्शियल बैंकों और कोऑपरेटिव बैंकों पर लागू होंगे। नए नियम मृतक के बैंक खातों, सेफ डिपॉजिट लॉकर और सेफ कस्टडी में रखी चीजों के क्लेम पर लागू होंगे।

ये निर्देश उन सरकारी बचत योजनाओं पर लागू नहीं होंगे जो बैंकों की ओर से ऑपरेट होते हैं, जैसे सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम (SCSS), पब्लिक प्रोविडेंट फंड (PPF)। ऐसे मामलों में दावों का निपटारा स्कीम के नियम या टर्म एंड कंडीशन के हिसाब से होगा।

विश्व पर्यटन दिवस : पधारो म्हारे देश...

पैलेस ऑन व्हील्स के यात्रियों का स्वागत, झीलों के घाटों पर स्वच्छता अभियान पारंपरिक स्वागत सत्कार से अभिभूत हुए मेहमान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 27 सितम्बर। पर्यटन नगरी उदयपुर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन दिवस उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। टूरिज्म एंड सस्टेनेबल ट्रांसफॉर्मेशन थीम के साथ विविध आयोजन हुए। इसमें पर्यटकों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया।

राज्य होटल संस्थान, उदयपुर और पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार सुबह रेलवे स्टेशन पर विशेष आयोजन हुआ। उपनिदेशक पर्यटन शिखा सक्सेना के नेतृत्व में पर्यटन विभाग की टीम और संस्थान के विद्यार्थियों ने रॉयल ट्रेन पैलेस ऑन व्हील्स के यात्रियों का पारम्परिक अंदाज में स्वागत किया। इस दौरान पर्यटक भी कच्छी घोड़ी कलाकारों के साथ जमकर झुमें।

विद्यार्थियों ने सेवा पखवाड़ा के तहत फतहसागर, पीछोला झील और गणगौर घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया तथा पर्यटकों को स्वच्छता व सतत पर्यटन का संदेश दिया। राज्य होटल संस्थान परिसर में टूरिज्म एंड सस्टेनेबल ट्रांसफॉर्मेशन विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में आदित्य कुमार और जयदीप खारोल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भव्यदीप किंगरानी और महेंद्रपाल सिंह सारंगदेवोत द्वितीय स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि पर्यटन उपनिदेशक शिखा सक्सेना रहीं। उन्होने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को पर्यटन व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जागरूक बनाते हैं।

इसी प्रकार सहेलियों की बाड़ी में भी पर्यटन विभाग की ओर से पर्यटकों का पारंपरिक रूप से स्वागत सत्कार किया गया। वहीं आहाड़ संग्रहालय में भी विश्व पर्यटन दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

किशोर गृह के बच्चों ने की उड़नखटोले की सवारी

पर्यटन दिवस के अवसर पर किशोर गृह के बच्चों को भी एजुकेशनल टूर कराया गया। इसके तहत बच्चों को



उड़नखटोले की सवारी कराते हुए करणी माता मंदिर ले जाया गया। बच्चों ने वहां दर्शन-भ्रमण किया।

स्कूली बच्चों ने दिखाया हूनर

विश्व पर्यटन दिवस पर भारत पर्यटन जयपुर (पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार) के निर्देशन में महुआ मोक्स रिसोर्ट परिसर में कार्यक्रम हुआ। इसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बडंगा के युवा पर्यटन क्लब सदस्य विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। बच्चों ने यहां विविध खेल गतिविधियों में भाग लिया। साथ ही विश्व पर्यटन दिवस थीम - पर्यटन एवं सतत परिवर्तन पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। बच्चों ने पर्यटन और पर्यावरण संतुलन को आधार में रखकर कृतियां बनाई। सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



राजस्थान में 5 जिलों में बारिश का अलर्ट:मानसून विदा हो चुका, लेकिन तीन दिन बरसात की संभावना; अब रातें ठंडी होने लगीं



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान में इस सीजन समय से 4 दिन पहले (26 सितंबर) मानसून की विदाई हो गई। अब राज्य में दिन में तेज गर्मी और रात में मामूली ठंडक वाला मौसम शुरू हो गया है। शुक्रवार (27 सितंबर) को चूरू, पिलानी (झुंझुनूं) में दिन का अधिकतम तापमान औसत से 3 डिग्री सेल्सियस तक ऊपर दर्ज हुआ।

उधर, मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के असर से प्रदेश में अगले तीन दिन बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। शनिवार को भी 5 जिलों में अलर्ट जारी किया गया है।

पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान के सभी शहरों में मौसम ड्राय रहा। शुक्रवार दिन में तेज धूप रहने से गर्मी बढ़ गई। पिलानी में अधिकतम तापमान 39.3 डिग्री सेल्सियस, चूरू में 39.2, बाड़मेर में 38, जैसलमेर में 38.3, अलवर में 37.5, श्रीगंगानगर में 37.3, फलोदी में 36.6, जोधपुर में 36.4, चित्तौड़गढ़ में 35.5, कोटा में 35.3, उदयपुर में 33, अजमेर में 35.4, भीलवाड़ा में 34.4, जयपुर में 36.8, नागौर में 36.1 और करौली में 36.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

जयपुर, जोधपुर, फलोदी, चूरू, सीकर, बीकानेर, श्रीगंगानगर समेत कई शहरों में दिन में तेज धूप से गर्मी भी तेज रही। इन शहरों में दिन का अधिकतम तापमान औसत से 1 से 3 डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज हुआ।

सिरोही में रात का पारा 17 डिग्री दर्ज हुआ

दिन में तेज गर्मी के उलट रात में तापमान तेजी से नीचे गिर रहा है। पिलानी, सीकर, अजमेर, भीलवाड़ा, नागौर, जालोर, सिरोही, करौली, दौसा, झुंझुनूं, पाली, चूरू, जैसलमेर समेत अन्य शहरों में 27 सितंबर की रात का न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान सिरोही में 17.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी:सोना 3,487 बढ़कर 1.13 लाख पर पहुंचा, चांदी 10,100 महंगी होकर 1.38 लाख किलो बिक रही



24 न्यूज अपडेट

इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 20 सितंबर को सोना 1,09,775 रुपए पर था, जो अब (27 सितंबर) को 1,13,262 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 3,487 रुपए बढ़ी है।

वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 1,28,000 रुपए पर थी, जो अब 1,38,100 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। ये इसका ऑल टाइम हाई भी है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 10,100 रुपए बढ़ी है।

संपादकीय : बदले सुर

भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी मुद्दे मरे पर बातचीत हमेशा द्विपक्षीय स्तर पर ही होती रही है। कश्मीर का मसला भी इनमें से एक है। हालांकि, कई मौकों पर खुद पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने की कोशिश की है, लेकिन भारत तीसरे पक्ष की भूमिका को सिरे से खारिज करता रहा है । अब अमेरिका ने भी साफ कर दिया है कि कश्मीर भारत-पाकिस्तान का आपसी मसला है और इसमें किसी तरह का दखल देने में उसकी कोई रुचि नहीं है। अमेरिका का यह संदेश इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार यह दावा कर चुके हैं कि आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाक के बीच संघर्ष विराम कराने में उनकी अहम भूमिका रही है। जबकि भारत इन दावों को पूरी तरह नकारता रहा है। ऐसे में अब अमेरिका ने भारत के उस रुख की पुष्टि कर दी है कि पाकिस्तान से जुड़े मसलों में किसी तीसरे पक्ष का दखल कतई स्वीकार्य नहीं है । दरअसल, 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच शिमला में एक अहम समझौता हुआ था। इसके तहत आम सहमति बनी थी कि भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर सहित जितने भी मसले हैं, उनका समाधान आपसी बातचीत से ही किया जाएगा। यानी द्विपक्षीय मुद्दों को न तो अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाया जाएगा और न ही इनमें किसी तीसरे पक्ष को शामिल किया जाएगा। मगर इस समझौते का पाकिस्तान ने कई बार उल्लंघन कर कश्मीर मसले को संयुक्त राष्ट्र में भी उठाया है। जबकि भारत इस समझौते के अनुरूप अपने रुख पर हमेशा कायम रहा है और इसी का नतीजा है कि अब अमेरिका ने भी स्वीकार किया है कि कश्मीर मसला सीधे तौर पर द्विपक्षीय मुद्दा है। गौरतलब है कि अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल ही में कहा कि यह उनके देश की दीर्घकालिक नीति है कि कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान ही आपसी बातचीत और सहमति से कोई हल निकाल सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि दोनों देशों की ओर से अमेरिका से किसी मुद्दे पर सहयोग मांगा जाता है तो वह मदद के लिए तैयार है। हालांकि, भविष्य में ऐसी नौबत आने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है। अमेरिका का यह बयान ऐसे मौके पर आया है, जब पाकिस्तान के मित्र देश तुर्किये के राष्ट्रपति ने पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर का मसला उठाया था। उनका कहना था कि कश्मीर मुद्दे का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के आधार पर संवाद के जरिए होना चाहिए। भारत ने इसका कड़ा विरोध करते हुए अपना रुख स्पष्ट किया और कहा कि यह सिर्फ द्विपक्षीय मुद्दा है। और इसका अंतरराष्ट्रीयकरण नहीं किया जा सकता । तुर्किये पहले भी इस तरह की कोशिशें करता रहा है, जो भारत के प्रतिरोध के आगे बौनी साबित हुई हैं। एक और महत्त्वपूर्ण बात यह है कि पिछले दिनों पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने एक साक्षात्कार में कहा था कि भारत ने दोनों देशों से जुड़े मसलों में कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया है। साफ है कि पाकिस्तान इस बात बखूबी जानता है कि द्विपक्षीय मसलों को लेकर भारत के साथ बातचीत ही एकमात्र विकल्प है। मगर यह भी सच है कि सीमा पार से आतंकवाद और बातचीत, दोनों साथ-साथ नहीं चल सकते।

सहायता या सियासत

बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत पचहत्तर लाख महिलाओं के खाते में दस-दस हजार रुपए भेजे जाने की पहल निश्चित रूप से राज्य की महिलाओं के सशक्तीकरण की प्रक्रिया को मजबूत करने की कोशिश है। मगर वहां विधानसभा चुनावों के दिन करीब आने के साथ ही जिस तरह इसकी घोषणा की गई, उसमें राजनीतिक लाभ उठाने की मंशा को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। यह छिपा नहीं है कि बिहार में रोजी-रोजगार की तस्वीर कैसी है। और उसमें बड़े पैमाने पर गरीब तबकों के परिवारों को रोजमर्रा के खर्चे जुटाने के लिए कितने जतन करने पड़ते हैं। लंबे समय से बिहार में कमजोर तबकों के लोग रोजी-रोटी की उम्मीद में दूसरे राज्य में जाते रहे हैं। ऐसे में यह समझा जा सकता है कि ज्यादातर गरीब परिवारों के लिए दस हजार रुपए की अहमियत क्या होगी और यह राशि मुहैया कराने वालों को वे किस रूप में देखेंगे। मगर इस सहायता राशि के लिए जो कसौटियां तय की गई हैं, उसमें इसका लाभ कितने वास्तविक जरूरतमंदों को मिलेगा, यह देखने की बात होगी । सवाल है कि बिहार सरकार को ठीक चुनावों से पहले महिलाओं की सहायता करने की सुध क्यों आई, जबकि एक बड़े तबके के बीच अभाव के हालात बहुत पुराने हैं। यह बेवजह नहीं है कि इस कवायद को चुनाव में एक बड़े वर्ग के मतदान के रुख को प्रभावित करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारतीय राजनीति में यह प्रवृत्ति काफी तेजी से मजबूत होती दिखी है कि चुनावों के मौके पर अलग-अलग राजनीतिक दल आम लोगों को मुफ्त की सौगात देने का वादा करते हैं। सत्ताधारी पार्टी वा गठबंधन के दलों को सुविधा यह होती है कि वे अपनी सरकार के जरिए समाज कल्याण के नाम पर लोगों को कोई तोहफा मुहैया कराने में सबसे आगे हो सकते हैं। मगर इस क्रम में लोकतंत्र का जीवन मानी जाने वाली मतदान प्रणाली को मुफ्त के आकर्षण से प्रभावित करने की कोशिश लगातार बढ़ती गई है। आम लोगों को सौगात देकर उनका समर्थन हासिल करने की प्रवृत्ति पर सुप्रीम कोर्ट भी नाराजगी जता चुका है। इस चलन पर नैतिकता और औचित्य के सवाल उठते रहे हैं, लेकिन इसे रोकने के लिए कुछ भी ठोस होता नहीं दिखता।

अरिहन्त नर्सिंग कॉलेज पर हथियारबंद लोगों का हमला, जेसीबी से तोड़फोड़, कॉलेज निदेशक ने दर्ज कराई रिपोर्ट, लाखों का नुकसान व चोरी की आशंका



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सहेली मार्ग स्थित अरिहन्त नर्सिंग इंस्टीट्यूट में शुक्रवार देर रात भारी बवाल हो गया। कॉलेज निदेशक मयंक कोठारी ने बताया कि करीब 40-45 लोगों ने जेसीबी मशीन व हथियारों के साथ कॉलेज पर धावा बोल दिया। घटना शुक्रवार रात करीब 10 बजे के बाद हुई। आरोप है कि इन लोगों ने कॉलेज परिसर में घुसकर जेसीबी मशीन से ग्राउंड फ्लोर के 6-7 कमरों की तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान आसपास के लोगों ने कॉलेज प्रिंसिपल ईश्वर जैन को सूचना दी। उन्होंने रात करीब 12:30 बजे निदेशक मयंक कोठारी को जानकारी दी। निदेशक कोठारी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुँचे, तो देखा कि तोड़फोड़ जारी थी। विरोध करने पर आरोपीगण जेसीबी मशीन वहीं छोड़ सफेद क्रेटा कार, अन्य तीन-चार गाड़ियों व मोटरसाइकिलों से भाग निकले। सूचना पर हाथीपोल थाने से एएसआई जितेंद्र सिंह पुलिस दल के साथ मौके पर पहुँचे और हालात का जायजा लिया। जेसीबी मशीन को पुलिस थाने ले जाया गया है। कॉलेज में नए सत्र के लिए विद्यार्थियों से जमा करीब 8 से 10 लाख रुपये नकद फीस राशि, फाइलें और अन्य कीमती दस्तावेज रखे थे। निदेशक के अनुसार रात के अंधेरे में यह स्पष्ट नहीं हो सका कि चोरी कितनी हुई है। इसका आकलन स्टाफ की उपस्थिति पर ही हो सकेगा। इस घटना से कॉलेज को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डेढ़ साल बाद भी नहीं हुआ महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण, आक्रोशित समाज ने किया प्रदर्शन



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा। शहर के पांसल चौराहे पर स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी अपने अनावरण की प्रतीक्षा कर रही है। प्रदेश के बड़े नेताओं की मौजूदगी के इंतजार में अब तक अनावरण न होने से राजपूत समाज सहित सर्व समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। शनिवार को बड़ी संख्या में समाजजन प्रतिमा स्थल पर एकत्र हुए और जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा को भगवा कपड़े से ढक दिया और चेतावनी दी कि अब प्रतिमा का अनावरण सर्व समाज स्वयं करेगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 30 मई 2024 को महाराणा प्रताप की प्रतिमा की स्थापना की गई थी, लेकिन डेढ़ वर्ष बाद भी उसका अनावरण नहीं किया गया। यह दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है कि देश-प्रदेश को गौरवान्वित करने वाले महान योद्धा की प्रतिमा सम्मान से वंचित है। सर्व समाज ने घोषणा की कि आगामी 2 अक्टूबर को प्रतिमा का अनावरण बड़े भव्य तरीके से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी सांसद, विधायक या जनप्रतिनिधि इसमें शामिल होना चाहता है तो सादर आमंत्रित है, अन्यथा समाज स्वयं यह आयोजन करेगा। साथ ही नेताओं से कहा गया कि यदि किसी बड़े अतिथि को बुलाना है तो इसकी जानकारी 30 सितम्बर तक दी जाए। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि अब वे किसी के आने का इंतजार नहीं करेंगे और अपने कार्यक्रम को तय समय पर पूरा करेंगे।

कांग्रेस ने चार नेताओं का निष्कासन रद्द किया, संदीप शर्मा की घर वापसी से राजनीति में हलचल



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने चित्तौड़गढ़ के नेता और पूर्व नगर परिषद सभापति संदीप शर्मा का निष्कासन रद्द कर दिया है। उनकी वापसी से जिले की राजनीति में नए समीकरण बनने लगे हैं। राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने शुक्रवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को आदेश जारी कर चार नेताओं का निष्कासन समाप्त करने के निर्देश दिए।

चार नेताओं की वापसी

राज्य अनुशासन समिति की अनुशंसा पर कांग्रेस ने चित्तौड़गढ़ के संदीप शर्मा, सीकर के बलराम यादव, बांसवाड़ा के अरविंद डामोर और नागौर के तेजपाल मिर्धा के मामलों की समीक्षा की। समीक्षा के बाद पार्टी ने चारों का निष्कासन तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया और उन्हें पुनः कांग्रेस में शामिल कर लिया।

संदीप शर्मा का विवादित मामला

संदीप शर्मा पर अपनी महिला कर्मचारी से यौन शोषण का आरोप लगा था। मामला अदालत में लंबित रहा और पुलिस ने कोर्ट में अंतिम रिपोर्ट पेश कर दी थी। आरोप लगने के बाद उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। शर्मा का कहना है कि उस समय बिना पक्ष सुने दबाव में कार्रवाई की गई थी। उन्होंने कहा, "अब अदालत में सच्चाई सामने आ चुकी है और यह स्पष्ट हो गया है कि मुकदमा राजनीतिक दबाव में दर्ज हुआ था।"

निंबाहेड़ा में स्वागत

वापसी के बाद संदीप शर्मा निंबाहेड़ा पहुंचे और पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना से मुलाकात की। आंजना ने उनका स्वागत किया और समर्थन जताया। शर्मा ने कहा कि वे हमेशा से कांग्रेस के सिपाही रहे हैं और आगे भी पार्टी की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने अपनी वापसी का श्रेय आंजना को दिया।

स्थानीय राजनीति में नए समीकरण

चित्तौड़गढ़ की राजनीति में संदीप शर्मा पहले पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत के करीबी माने जाते थे, लेकिन इस बार उनकी वापसी का श्रेय उदयलाल आंजना को दिया जा रहा है। राजनीतिक हलकों में माना जा रहा है कि इससे जिले की गुटबाजी और नेतृत्व के समीकरण बदल सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि चार नेताओं की वापसी से कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी। खासकर चित्तौड़गढ़ जिले में, जहां भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला रहता है, वहां संदीप शर्मा की सक्रियता पार्टी के लिए लाभकारी साबित हो सकती है।



राष्ट्रीय दशहरा मेला में उमड़ी मेलार्थियों की भीड़, सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देख हो रही है आनंदित



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा। राष्ट्रीय दशहरा मेला-2025 के अंतर्गत शुक्रवार रात्रि को नगर परिषद निम्बाहेड़ा के द्वारा मीरा रंगमंच पर मुम्बई की एम. मानसी जी. इवेंट्स एंड डांस एकेडमी (लाफ्टर शो) के कलाकार उदय दईया, हिमांशु त्रिवेदी, राजा रेन्चो, गौरव शर्मा, नितेश शेट्टी (प्लज् ग्रुप डांस परफॉर्मर) सहित मेल-फीमेल सिंगर ने अपनी प्रस्तुति से मेलार्थियों का मनोरंजन किया। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

मिमिक्री आर्टिस्ट एवं कॉमेडियन राजा रेन्चो ने खूब गुदगुदाया

मीरा रंगमंच पर नगर परिषद निंबाहेड़ा के तत्वावधान में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में मुम्बई से आई ऑर्केस्ट्रा पार्टी के कलाकारों ने मेलार्थियों का जमकर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के दौरान मिमिक्री एवं कॉमेडियन कलाकार राजा रेंचो ने अपने सह पार्टनर बंदर के आर्टिकल के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन कर श्रोताओं एवं दर्शकों को खूब गुदगुदाया।

विनायक कॉलोनी मित्र मण्डल गरबे में देर रात तक खनके डांडिए



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित विनायक कॉलोनी मित्र मण्डल की ओर से आयोजित नौ दिवसीय शारदीय नवरात्रि महोत्सव की धूम जारी है। विनायक कॉलोनी मित्र मण्डल के राजकुमार जैन ने बताया कि नौ दिनों तक माताजी की पूर्ण भक्तिभाव से आराधना की जा रही है। साथ ही सभी कॉलोनीवासियों की ओर से डांडिय़ों की खनक के साथ देर रात तक गरबा खेला जा रहा है। इस अवसर पर जगदीश चौबीसा, कमलकांत मेनारिया, कालूलाल वेद, गणेश लाल औदिच्य, गोपाल औदिच्य, पुष्कर मेनारिया, मुकेश मूदंड़ा, सुरेश टेलर, रोहित मेघवाल, अनिल मेघवाल, मनद तेली, हेमेन्द्र कुमावत, पुष्कर सुथार, मेहन्द्र सिंह, भावेश टेलर, प्रकाश कुमावत, गोपाल पुर्बिया आदि मौजूद।

प्रो. एस.एस. भाणावत बने मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के SFAB सदस्य सचिव



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के आदेशानुसार, प्रो. एस.एस. भाणावत, अधिष्ठाता, वाणिज्य एवं प्रबंधन अध्ययन महाविद्यालय को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्व वित्त पोषित सलाहकार मंडल (SFAB) का सदस्य सचिव (Member Secretary) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति विश्वविद्यालय के कुलगुरु महोदय के निर्देशानुसार, कार्यालय आदेश क्रमांक प./305/सामान्य/मौलासुविवि/2024/2231 दिनांक 07.08.2024 के तहत की गई है। कुलसचिव डॉ. वी.सी. गर्ग द्वारा आदेश जारी किया गया है।

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के टेक्निकल असिस्टेंट संपत सिंह राव सेवानिवृत्त



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के भू-संपत्ति कार्यालय में टेक्निकल असिस्टेंट पद पर कार्यरत संपत सिंह राव ने अपनी गौरवमयी सेवा के 38 वर्ष 9 माह पूरे कर सेवानिवृत्ति प्राप्त की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कर्मचारी संगठन (भारतीय मजदूर संघ) के अध्यक्ष नारायण लाल सालवी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि श्री राव ने अपने कार्यकाल में ईमानदारी और निष्ठा के साथ सेवाएँ दी हैं। उनकी सरलता, कार्य के प्रति समर्पण और सहयोगी भावना हमेशा याद की जाएगी। कर्मचारी संगठन की ओर से श्री राव को भावभीनी विदाई दी गई और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त की गईं।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com

ताज अरावली होटल के रसूख के सामने बिछ गए जल संसाधन विभाग के अफसर, होटल ने दबा ली जमीन, खबर में पढ़ें सफेद झूठ का पर्दाफाश!!







24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। शहर के जल संसाधन विभाग के अफसर लगता है कि ताजा अरावली होटल के रसूख के आगे बिछ गए हैं। विभाग की जमीन पर होटल ने सड़क बनाकर गार्ड बिठा दिया है। गेट लगा दिया है। रास्ते पर कब्जा करके सीसीटीवी कैमरे लगा दिए हैं। पूरी जमीन पर कब्जे के बावजूद अफसर भ्रष्टाचार में इतने ज्यादा डूब गए हैं कि आरटीआई में जवाब मांगने पर कह रहे हैं कि जमीन विभाग के कब्जे में हैं। होटल से वापस ले ली गई है। जबकि सच्चाई आप खुद फोटो में ही देख लीजिए। आपको बता दें कि देवास परियोजना में बनाई गई कोड़ियात टनल के पास अरमाजोक नदी के समीप स्थित किसान की जमीन (खसरा नं. 131 एवं 134, ग्राम बुझड़ा, तहसील गिर्वा) को सुरक्षा और रख-रखाव कार्यों के लिए किसान से आवप्त कर लिया गया था। मगर बाद में विभागीय अधिकारियों ने ही मिलीभगत करते हुए यह जमीन होटल ताज अरावली को सशुल्क पार्क बनाने के लिए कुछ शर्तों के अधीन पांच वर्षों के लिए अस्थायी रूप होटल को सौंप दी। पांच साल तक होटल ने शर्तों की कोई पालना नहीं की मगर अफसर सोते रहे। जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता उदयपुर द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया था कि होटल को यह भूमि केवल सीएसआर गतिविधि के लिए दी जा रही है। इसमें यह शर्त भी रखी गई थी कि जमीन का स्वामित्व जल संसाधन विभाग का रहेगा, विकास कार्य विभाग के अनुमोदित प्लान के अनुसार किए जाएँ, और भविष्य में किसी भी समय विभाग को आवश्यकता पड़ने पर इसे वापस लेने का अधिकार रहेगा। पांच वर्षों की अवधि मई 2025 में पूरी होने के बाद भी होटल ने पार्क का निर्माण नहीं किया। जब जल संसाधन ने जमीन वापस मांगी तो जमीन वापस नहीं दी। होटल के अधिकारियों और कुछ विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत से जमीन पर पक्की सड़क बना दी गई और इसे होटल के उपयोग में लिया जा रहा है। मौके पर गेट लगाकर सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं और सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी की जा रही है। याने जमीन किसान की। विभाग ने जनहित में लिया। उसके बाद पार्क के नाम पर होटल को ऐसे सौंप दिया जैसे यह कोई गिफ्ट हो। इसके बदले में अफसरों और चुप रहने वाले नेताओं ने कितना गिफ्ट लिया, यह गंभीर जांच का विषय है। देश के जाने-माने आरटीआई एक्टिविस्ट और पत्रकार जयवंत भैरविया ने इस मामले में ताजा स्थिति जानने के लिए आरटीआई आवेदन किया। इसके जवाब में विभाग के सहायक अभियंता ने केवल बोर्ड की फोटो भेजकर वास्तविक स्थिति से परदा डाल दिया और आवश्यक विवरण प्रदान नहीं किया। बताया कि हमने जमीन ले ली है। हमारे कब्जे में है। मगर खुली आंखों से यह सब झूठ मौके पर साफ दिख रहा है। इस मामले में विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही और होटल द्वारा सरकारी जमीन का उपयोग करने के तरीके पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। विभागीय आदेशों की अवहेलना से यह मामला गंभीर रूप ले चुका है और अब यह सवाल उठता है कि जिम्मेदार अधिकारियों और होटल के खिलाफ कार्रवाई कब और कैसे होगी। एक किसान की जमीन को होटल के लिए इस तरह से दे देने का यह मामला पूरे राजस्थान में चर्चा का विषय बन चुका है। होटल वालों की एप्रोच और उनके राजनीतिक रसूखात के आगे अफसर मौन हैं व खुले आम भ्रष्टाचार को खुद होने दे रहे हैं। उदयपुर के जन प्रतिनधियों के संज्ञान में होने के बाद भी वे उपरी आदेश व दबाव के कारण चुप बैठे हैं।

विश्व पर्यटन दिवसः राजस्थानी ठाट-बाट से सैलानियों का स्वागत, निखरी संस्कृति की छटा और संग्रहालयों में निःशुल्क प्रवेश



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः विश्व पर्यटन दिवस पर जयपुर समेत पूरे प्रदेश के पर्यटक स्थलों पर सैलानियों का राजस्थानी ठाट-बाट से तिलक लगाकर और फूल-मालाओं से स्वागत किया गया. इस अवसर पर प्रदेश के सभी स्मारकों और संग्रहालयों में पर्यटकों का प्रवेश निःशुल्क रखा गया. पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां राजधानी जयपुर के सभी स्मारकों पर लोक कलाकारों ने राजस्थानी संस्कृति की छटा बिखेरी. लोक कलाकारों के साथ देसी-विदेशी सैलानी भी झूमते नजर आए.

पुरातत्व विभाग के निदेशक पंकज धरेंद्र के मुताबिक इस अवसर पर प्रदेश के सभी स्मारकों और संग्रहालयों में प्रवेश निःशुल्क रहा. यहां देसी-विदेशी सैलानियों का तिलक और माला पहनाकर स्वागत हुआ, जहां लोक कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया. राजधानी के आमेर महल, नाहरगढ़ फोर्ट, हवामहल, अल्बर्ट हॉल, जंतर मंतर पर कच्ची घोड़ी, शहनाई वादन, कालबेलिया और रावण हत्था वादन जैसे अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए. कलाकारों के साथ देसी-विदेशी सैलानी भी झूमते दिखे और उन्होंने इन खूबसूरत पलों को अपने कैमरे में कैद किया. अल्बर्ट हॉल पर 'रसिकप्रिया चित्रावली' और हवामहल पर मिस्र से जुड़ी 'द मम्मी' पर प्रदर्शनी आयोजित की गई. पर्यटक इन दोनों प्रदर्शनी का अवलोकन 27 सितंबर से 5 अक्टूबर तक कर सकेंगे.

चांदी के गहनेंऔर 20 लाख नकद जब्तः लखनपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

आगरा के दो युवक पुलिस हिरासत में; क्रेटा कार से 40 किलो चांदी और कैश बरामद



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 27 सितंबर। जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर दिगंत आनंद के निर्देशानुसार चलाए गए विशेष अभियान के तहत लखनपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। नाकाबंदी के दौरान यूपी नम्बर की एक क्रेटा कार से भारी मात्रा में संदिग्ध चांदी के जेवरात और नकद राशि जब्त की गई है।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस चौकी इंचार्ज एएसआई एदल सिंह के नेतृत्व में लगाए गए जाप्ते ने क्रेटा कार को रुकवाकर तलाशी ली। कार के भीतर से लगभग 40.296 किलोग्राम चांदी के जेवरात (बिछिया और चैन) तथा 20 लाख रुपये नकद से भरा एक कपड़े का बैग मिला।

कार में सवार आगरा उत्तर प्रदेश निवासी दो व्यक्तियों रचित जैन (26) और नितिन शर्मा (18) से जब पुलिस ने इतनी बड़ी मात्रा में चांदी और नकद राशि के संबंध में वैध बिल या दस्तावेज मांगे तो वे कोई भी प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाए। संदिग्ध पाए जाने पर पुलिस ने तत्काल जेवरात और नकदी को जब्त कर लिया।

दोनों युवकों को पुलिस हिरासत में लेकर गहनता से पूछताछ की जा रही है कि यह संदिग्ध खेप कहाँ से लाई जा रही थी और किसे देने जा रहे थे। थानाधिकारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम इस मामले की तह तक जाने का प्रयास कर रही है।

सहायक अभियंता परीक्षाः 28 से 30 सितंबर तक होंगे एग्जाम, 58 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से जयपुर और अजमेर के 162 परीक्षा केंद्रों पर सहायक अभियंता परीक्षा 2024 का आयोजन रविवार से शुरू होगा. 1 हजार 14 पदों के लिए परीक्षा अजमेर और जयपुर जिला मुख्यालय पर होगी. परीक्षा के लिए कुल 58 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत है.

आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि अभ्यार्थियों के प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुके हैं. अभ्यर्थी वेबसाइट और एसएसओ पोर्टल से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं. इसके लिए अभ्यर्थियों को अपना आवेदन क्रमांक और जन्मतिथि डालनी होगी. मेहता ने बताया कि सहायक अभियंता परीक्षा 2024 का आयोजन 28 से 30 सितंबर तक होगा. परीक्षा के पहले दिन सुबह 10 से 12 बजे तक सामान्य ज्ञान और सामान्य विज्ञान का पेपर होगा, जबकि दोपहर की पारी में 3 से 5 बजे तक सिविल इंजीनियरिंग का पेपर होगा. आयोग ने परीक्षा आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं. अजमेर में 44 परीक्षा केंद्र पर 14 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे. मिलेंगे 10 मिनट अतिरिक्तः मेहता ने बताया कि ओएमआर शीट में पांचवें विकल्प को भरने के लिए अभ्यर्थियों को अतिरिक्त समय मिलेगा. उन्होंने बताया कि परीक्षा के निर्धारित समय से एक घंटा पहले अभ्यार्थियों को परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा. देरी से पहुंचने पर परीक्षा से वंचित भी किया जा सकता है. आयोग सचिव ने बताया कि परीक्षा के समय अभ्यर्थियों को मूल आधार कार्ड लाना आवश्यक है. यदि आधार कार्ड नहीं है तो स्पष्ट फोटो युक्त मतदाता पहचान, पासपोर्ट या ड्राइविंग लाइसेंस जैसे अन्य पहचान पत्र लेकर आने के लिए कहा गया है. प्रवेश पत्र पर भी नई रंगीन फोटो चस्पा करें. उन्होंने बताया कि बिना स्पष्ट फोटो के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा. बहकावे में ना आएंः उन्होंने बताया कि आयोग की ओर से आयोजित परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी किसी भी दलाल या असामाजिक तत्व के बहकावे में ना आएं. यदि कोई व्यक्ति किसी प्रकार का झांसा देता है तो साक्ष्य के साथ आरपीएससी के कंट्रोल रूम 0145- 2635200, 2635212, 2635255 पर शिकायत कर सकते हैं. मेहता ने बताया कि अनुचित साधनों का उपयोग करने पर 10 करोड़ रुपए तक का जुर्माना, आजीवन कारावास और संपत्ति जब्त करने का भी प्रावधान है.

अवैध डोडा पोस्त की बड़ी खेप जब्तः गुड़ामालानी पुलिस और DST टीम की महत्वपूर्ण सफलता, खेत में ट्रैक्टर ट्रोली में छिपाया गया 36.50 लाख

रुपये का 2 क्विंटल 42 किलो डोडा पोस्त बरामद, दो आरोपी नामजद



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 27 सितंबर। बाड़मेर जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना गुड़ामालानी और डीएसटी ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 क्विंटल 42 किलो 770 ग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त डोडा पोस्त की अनुमानित कीमत करीब 36.50 लाख रुपये आंकी गई है।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री नरेन्द्र सिंह मीना के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस एवं सीओ सुखाराम के सुपरविजन तथा थानाधिकारी देवीचन्द ढ़ाका व डीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से यह कार्यवाही की।

एसपी मीना ने बताया कि शुक्रवार 26 सितम्बर की शाम थानाधिकारी देवी चन्द को मुखबिर से सूचना मिली कि सरहद रामनगर मेहलू में जुंझाराम जाट के खेत में भारी मात्रा में डोडा पोस्त छिपाकर रखा गया है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने जुंझाराम पुत्र मोडाराम जाट के खेत पर दबिश दी।

खेत में बाजरे की खड़ी फसल की आड़ में एक रोहिड़े के पेड़ के नीचे छुपाकर खडे ट्रैक्टर ट्रोली को चेक करने पर उसमें काले रंग के 11 कट्टों में भरकर रखा गया भारी मात्रा में अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। वजन करने पर कुल 2 क्विंटल 42 किलो 770 ग्राम अवैध डोडा पोस्त मिला।

इस संबंध में थाना गुड़ामालानी पर मुकदमा एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक अनुसंधान के अनुसार यह अवैध मादक पदार्थ तारााम पुत्र भगाराम जाट निवासी रामनगर, मेहलू द्वारा ट्रेक्टर ट्रोली में भरकर जुंझाराम पुत्र मोडाराम जाट के खेत में छिपाकर रखा गया था। पुलिस अब इन दोनों नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी और इस पूरे अवैध कारोबार के लिप्त आरोपियों का पता लगाने के लिए विस्तृत अनुसंधान कर रही है।

इस सफल कार्रवाई में डीएसटी टीम के कांस्टेबल आईदानसिंह और रामस्वरूप की विशेष भूमिका रही।

जयपुर में लूट की वारदात कर भागे 4 आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर में 5 लाख रुपए लूट की वारदात करने वाले 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। वारदात को प्री-प्लान तरीके से अंजाम दिया गया था। बदमाशों ने गाड़ी बेचने के बहाने पीड़ित से रुपए मंगवाए थे। इसके बाद रुपए लेकर भाग गए थे।

पुलिस से बचने के लिए खुद की गाड़ी को छोड़ दिया था। फिर रिश्तेदार की गाड़ी को लेकर भागे थे। मामला मुरलीपुरा थाने का है।

चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद ने बताया- मामले में करण सिंह चौहान (19) पुत्र नरेश सिंह चौहान निवासी अलवर हाल करधनी जिला जयपुर, कालू सैनी उर्फ जीतू सैनी (23) निवासी करधनी जिला जयपुर, विवेक व्यास (22) पुत्र संतोष कुमार शर्मा निवासी अलवर हाल हरमाड़ा, जयपुर और अमन सिकरवाल(19) पुत्र भूरा सिकरवाल निवासी बोयतावाला पुलिस थाना करधनी, जयपुर को गिरफ्तार किया है।

गाड़ी बेचने के बहाने फंसाया

पीड़ित संजय बिश्नोई ने 27 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया था कि 3 दिन पहले श्रवण नाम के व्यक्ति से गाड़ी के सौदे के संबंध में बात हुई थी। बदमाशों ने उसे गाड़ी खरीदने के लिए सन एंड मून मॉल बुलाया था। बदमाशों ने उसे अपनी कार में बिठाया और रुपए दिखाने को कहा। बदमाशों ने रुपए देखते ही उससे मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उसे कार से उतारकर भाग भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच में पता चला कि बदमाश एक स्कॉर्पियों ले गए है। तकनीकी आधार पर गाड़ी अजमेर रोड पर होने का पता चला। इस पर अजमेर रोड के अलग-अलग थानों में कंट्रोल रूम से सूचना देकर नाकाबंदी करवाई। बांदर सिंदरी थानाधिकारी दयाराम चौधरी ने नाकाबंदी कर कार को रुकवाया और बदमाशों को पकड़ा। बदमाशों के पास से 4 लाख 56 हजार रुपए बरामद किए गए है। शेष 44 हजार आरोपी खर्च कर चुके थे।

जिला शिक्षा अधिकारी ने ली शिक्षकों की बैठक



24 न्यूज अपडेट

जिले के लॉर्ड कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित होने वाली 69 वि राज्य स्तरीय 14 वर्ष छात्र छात्रा फुटबॉल प्रतियोगिता के सभल आयोजन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक भीलवाड़ा रामेश्वर कुमार बाल्दी ने सभी शिक्षक शारीरिक शिक्षक व्याख्याता प्रधानाचार्य की बैठक ली बैठक में प्रतियोगिता के सभल आयोजन हेतु आवास सुविधा मैदान, प्रतियोगिता कंट्रोल रूम, मेडिकल सुविधा,प्रसादन सुविधा, बालिका सुरक्षा समिति, खेल प्रमाण पत्र समिति, आदि को लेके समितियों का गठन कर उसमें कार्य करने वाले सभी कार्मिकों को उचित दिशा निर्देश देते हुए उन्हें तलब किया गया कि जिले के इस कार्यकम को सभी की महनत लगन आत्मविश्वास ओर ज्ञान से सुव्यवस्थित तरीके से संपादित करे और पूरे राजस्थान में जिले की छवि अच्छी बने ओर बहार से आने वाले खिलाड़ी ओर टीम प्रभारी को अच्छी ओर सुगम सुविधा मिले अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विजयपाल सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में आने वाले विवादों या विरोधों को तुरंत प्रभाव से निस्तारण करने हेतु एक निष्पादन समिति का गठन करे जिससे प्रतियोगिता में ओर पारदर्शिता बनी रहे वहीं प्रतियोगिता के मुख्य संयोजक कैलाश चंद्र खटीक ने सभी शारीरिक शिक्षक को मैदान निर्माण ओर मैदान संबंधी दिशा निर्देश दिए कार्य कर्म में दिनेश सोमानी राजेंद्र काबरा दुर्गेश जोशी शिवराम खटीक तथा स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य लोकेंद्र सिंह आदि मौजूद थे

यूडीए अधिकारियों व भू-माफियाओं की मिलीभगत

कोर्ट स्टे के बावजूद जारी कर दिए पट्टे, शिकायत पर नहीं हो रही कार्रवाई



24 न्यूज अपडेट


24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। राजस्व ग्राम बेदला, पटवार क्षेत्र बेदला में स्थित आराजी संख्या 1606 की भूमि पर लंबे समय से काबिज विधवा महिला सीमा बिलौची पुत्री राधेश्याम बिलोची पत्नी स्व लक्ष्मण बिलोची ने आरोप लगाया है कि उनके भूखण्ड पर कोर्ट के स्टे के बावजूद अवैध कब्जा कर पट्टे जारी कर दिए गए हैं। शिकायत पर सुनवाई नहीं हो रही है। प्रार्थी महिला का कहना है कि वर्ष 1998 से उनकी भूमि पर उनका स्वामित्व दर्ज है और राजस्व अभिलेखों में उनका नाम स्पष्ट रूप से दर्ज है। महिला ने बताया कि अन्य खातेदार-कमलेश प्रजापत, राजकुमार, विमल, लीला प्रजापत एवं अन्जु प्रजापत-ने अपनी आराजी संख्या 1608, 1609, 1610 एवं 1611 के भू-रूपांतरण के लिए दिनांक 03.03.2023 को प्लान प्रस्तुत किया। इसमें उनके भूखण्ड को 30 फीट चौड़ी सड़क के रूप में दर्शाया गया। महिला ने आरोप लगाया कि यह रास्ता वास्तव में मौजूद ही नहीं है और नगर विकास प्राधिकरण उदयपुर के अधिकारियों ने मिलीभगत व भ्रष्टाचार करते हुए जानबूझकर तथ्यों को छिपाकर प्लान अनुमोदित किया। प्रार्थी महिला ने राजस्व कार्यालय में 24.04.2023 और 06.06.2023 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर पट्टे जारी न करने का निवेदन किया था, लेकिन अधिकारियों ने सुनवाई नहीं की और श्री रेवन्त लाल मेहता के नाम पट्टे जारी कर दिए। महिला ने कहा कि इसमें भू-माफियाओं और अधिकारियों की मिलीभगत स्पष्ट है। इस मामले में 19.04.2023 को कोर्ट द्वारा स्टे जारी किया गया कि यहां पर रोड़ नहीं निकाला जावें । उसके पश्चात 26.05.2023 को रोड़ के स्टे को नजर अंदाज कर भुमाफियाओं को लाभ दिलाने के लिए पट्टे जारी कर दिये गये । 30.05.2023 को भुमाफियाओं के खिलाफ भी स्टे जारी हुआ। उसके पश्चात भी कोर्ट की अवेहलना करते हुए यूआईटी पट्टे जारी कर दिये। महिला ने यह भी बताया कि पूर्व में इन खातेदारों ने आराजी संख्या 1606 में स्थित भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया था, जिसके लिए उन्होंने अपने भाई दीपक बिलोची के माध्यम से एफ.आई.आर. संख्या 151/2018, थाना सुखेर दर्ज करवाई थी। जब एफआईआर करवाई गई तब पुलिस ने मौका रिपोर्ट भी बनाई। इसमें दोनों तरफ मकान बताए गए व बीच में खाली प्लॉट बताया गया। पुलिस ने आरोपी मोहन, निर्मल, कमलेश और विनोद प्रजापत के खिलाफ धारा 447, 323, 427, 504/34 के तहत मुकदमा दर्ज किया और गिरफ्तारी वारंट जारी किए। यह मामला अब भी विचाराधीन है और आगामी पेशी अक्टूबर 2025 को निर्धारित की गई है।

यह था कोर्ट का आदेश

महिला ने न्यायालय में सिविल न्यायाधीश दक्षिण, उदयपुर के समक्ष स्थायी और अस्थायी निषेधाज्ञा के लिए आवेदन किया। न्यायालय ने प्रकरण संख्या 175/2023 ई.दी. और 132/2023 मु.दी. पर स्थगन आदेश पारित कर अधिकारियों को आदेश दिया कि वादग्रस्त भूखण्ड से सड़क या रास्ता बिना विधिक प्रक्रिया अपनाए न निकाले। लेकिन यूडीए के अफसरों ने एक नहीं सुनी। अधिकारी भूमाफियाओं से मिले हुए हैं

विधवा महिला का कहना है कि नगर विकास प्राधिकरण के कुछ अधिकारी भू-माफियाओं से मिलीभगत कर उनकी जमीन को अवैध रूप से मार्गाधिकार दिखाकर पट्टे जारी करवा रहे हैं, जबकि न्यायालय के आदेश स्पष्ट रूप से इसके विरुद्ध हैं। महिला ने प्रशासन से अपील की है कि जब तक विवादित प्लान से उनके भूखण्ड में दिखाए गए सड़क/मार्ग को विलोपित नहीं किया जाता, तब तक पट्टों को निरस्त किया जाए। महिला ने कहा कि यह उनका एकमात्र संपत्ति है और भू-माफियाओं से लड़ना एक विधवा महिला के लिए असंभव है। उन्होंने प्रशासन और न्यायालय से न्याय की गुहार लगाई है और भविष्य में ऐसी अनियमितताओं को रोकने की मांग की है।

कुंवारी बेटी बन गई थी मां, पिता ने ठूंसा था बच्चे के मुंह में पत्थर, सनसनीखेज खुलासा



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, भीलवाड़ा। मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में 23 सितंबर को एक मासूम बच्चे को पत्थरों में दबाकर हत्या की कोशिश का मामला सामने आया है। इस घटना का आरोपी बच्चा का नाना है। वारदात के पीछे आरोपी का तर्क था कि उसकी बेटी कुंवारी है और "इज्जत बचाने" के लिए उसने यह घिनौनी योजना बनाई। पुलिस ने शनिवार को आरोपी से पूरे वारदात का सीन रिक्रिएट करवाया। आरोपी ने बताया कि वह और उसकी बेटी कैसे बस में बैठे, फेविक्विक पाउच खरीदे और कहाँ रुककर वारदात को अंजाम दिया। मांडलगढ़ एसएचओ ने बताया कि आरोपी ने मासूम को बड़े-बड़े पत्थरों के पास रखा, फिर फेविक्विक लगाकर बच्चे के मुंह में ठूंस दिया। इसके बाद अतिरिक्त फेविक्विक ऊपर से लगाकर पत्थरों के नीचे दबा दिया। घटना के दिन बच्चे की मां भी साथ थी। आरोपी नाना ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी अभी कुंवारी है और उसकी शादी करनी है। इस वजह से उन्होंने यह अमानवीय कार्य किया। मासूम का इलाज जारी मासूम का इलाज अभी भी भीलवाड़ा जिला अस्पताल में चल रहा है। पूरी बॉडी में इंफेक्शन फैलने के कारण बच्चा गंभीर हालत में है और उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। मांडलगढ़ थाना पुलिस के अनुसार, बच्चा 4 सितंबर को बूंदी के सरकारी हॉस्पिटल में जन्मा था। युवती ने फर्जी पति का नाम रिकॉर्ड में दर्ज कराया और हॉस्पिटल से बसोली थाना क्षेत्र में किराए के कमरे पर गई। 23 सितंबर की सुबह बच्चा और माता-पिता बस में बैठे थे। रास्ते में शक्करगढ़ पर उतरकर आरोपी ने दो फेविक्विक पाउच खरीदे और मासूम के साथ मांडलगढ़ थाना क्षेत्र के सीता का कुंड मंदिर के पास वारदात को अंजाम दिया।

वारदात के बाद मंदिर पहुंचा परिवार

घटना के बाद आरोपी परिवार तिलस्वां महादेव मंदिर गया। वहां दर्शन किए और धर्मशाला में रुक गए। पुलिस ने 25 सितंबर को उन्हें पकड़ लिया और 26 सितंबर को गिरफ्तार कर लिया।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ाः बच्चों ने चित्रों के जरिए दिया संदेश "स्वच्छ रहेंगे तो स्वस्थ रहेंगे"



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत शहर के निजी विद्यालय में शनिवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त जीवन के महत्व को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया। मुख्य अतिथि और नगर निगम आयुक्त ने छात्रों द्वारा बनाए गए चित्रों की सराहना करते हुए कहा कि देश को बदलने के लिए बच्चों को साथ लेकर कार्य शुरू करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास स्वच्छ भारत और प्लास्टिक मुक्त भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयुक्त ने विद्यालय परिसर में फिनीलूप और छात्रों द्वारा संचालित प्लास्टिक बैंक का निरीक्षण कर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट पर किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा भी की। प्रतियोगिता में बनाए गए शिक्षाप्रद चित्र शहर के प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे। आयुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी लखन लाल बैरवा को निर्देश दिए कि इन चित्रों के माध्यम से शहर वासियों और पर्यटकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रथम स्थान पर काव्यांशी राठौर, द्वितीय स्थान पर हिमांशी कुंवर झाला और तृतीय स्थान पर आरोही शर्मा रहे। कार्यक्रम में नगर निगम के अधिशाषी अभियंता यांत्रिक लखन लाल बैरवा, फिनीलूप के नरेंद्र योगेंद्र और आकाश दीप सहित अन्य लोगों का सक्रिय योगदान रहा।

सड़क पर खड़ी कर दी होटल विस्टा ने बसें, हादसा हुआ तो बोले-सड़क अशोक गहलोत की, बस भी अशोक गहलोत की!! जो करना है कर लो!!



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर के सुखाड़िया सर्कल पर बिग बाजार के सामने शनिवार दोपहर होटल विस्टा के बाहर बसों की बेतरतीब पार्किंग से एक कार और स्कूटी में भिड़ंत हो गईं। होटल में किसी कार्यक्रम के चलते तीन बसें सड़क पर ही पार्क कर दी गई जिससे आधी सड़क बंद हो गई। आने जाने वालों को खासी परेशानी हुई। लोग बचते-बचाते हुए निकल रहे थे तभी बस की वजह से स्कूटी चालक को दूसरी दिशा से आती कार दिखाई नहीं दी व हादसा हो गया। हादसे के बाद जब कार चालक की ओर से बस के बारे में पूछताछ की गई तो वहां पर मौजूद बस चालक ने दो टूक कह दिया कि यह बस अशोक गहलोत की है, रोड भी अशोक गहलोत का है। इसके बाद हंगामा होने पर होटल का मैनेजर बाहर आया। पूछताछ करने पर ड्राइवर मौके से चलता बना। होटल के मैनेजर ने जीएम से बात करने की बात कही। जब होटल में जाकर जीएम से पूछताछ की गई व बसों के गलत तरीके से पार्किंग पर सवाल किए गए तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे जैसी स्थिति हो गई। जीएम ने कहा कि आपको जो करना है कर लीजिए, हमारी पार्किंग यहीं पर है, हम बसें यहीं खड़ी करेंगे। जबकि यह आम रास्ता है व हमेशा व्यस्त रहता है। यहां पर देशभर से टूरिस्ट का भी आना जाना रहता है। कार चालक ने जीएम से मौके पर आकर देखने की गुजारिश की मगर वो नहीं आए व कहा कि कंप्लेन कर लीजिए जो करना है कर लीजिए। अब सवाल यह उठता है कि सड़कों पर पार्किंग करके इस तरह से जवाब देकर खुलेआम दादागिरी करने की छूट आखिर होटल संचालक को किसने दी है। वे किस पावर के चलते इस तरह का गैर जिम्मेदाराना जवाब दे रहे थे। होटल में अगर शादी समारोह है तो उसकी पार्किंग की जिम्मेदारी होटल की ही बनती है और अगर कोई हादसा होता है तब भी वे ही जिम्मेदार होंगे। राहगीरों ने कहा कि इस प्रकार की दादागिरी करने वालों पर पुलिस और प्रशासन को सख्त कार्रवाई होनी चाहिए तथा सड़क को बाधित करने का मामला बनाते हुए पुलिस को बसों को जब्त कर उनका चालाना बनाना चाहिए। ताकि भविष्य में कोई इस प्रकार की जुर्रत नहीं कर सके। स्कूटी व कार संचालक ने कहा कि गलती होटल संचालक व बस मालिक की है तो फिर नुकसान वे क्यों भुगतें। उन्होंने जिला पुलिस से इस मामले में दखल देने की मांग करते हुए शिकायत भी दर्ज करवाई है।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने मां कालका माता की पूजा-अर्चना कर देश की सुख-शांति की कामना



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 27 सितंबर। शारदीय नवरात्रा के पावन अवसर पर राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी ने शहर के प्रमुख माता मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की और देश में सुख, शांति एवं अमन-चैन की कामना की। गणेश नगर पहाड़ा स्थित कालका माता मंदिर में प्रो. देवनानी ने माता की आरती की और मंदिर पुजारी देवेन्द्र सिंह गौड़ ने उन्हें माता की चुनड़ी व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, मांगीलाल जोशी, मंडल अध्यक्ष विजय आहूजा, ओम प्रकाश चितौड़ा, देवेन्द्र सिंह गोड, रोहित जोशी, डॉ. गायत्री स्वर्णकार, राजेश पालीवाल, कृष्णकांत कुमावत, नरेश वैष्णव, चेतन वैष्णव, विजय कुमावत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे और प्रो. देवनानी को उपरणा ओढ़ा कर सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होंने बेदला माता, आवरी माता और अम्बामाता के मंदिरों में भी पूजा अर्चना कर नवरात्रा की परंपरागत विधियों के अनुसार माता की आराधना की। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं ने प्रो. देवनानी के साथ भक्ति भाव से भाग लिया। प्रो. देवनानी ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि इस नवरात्रा में माता के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और देश में सौहार्द, समरसता और सामाजिक सौभाग्य की स्थापना में योगदान दें।

एबीवीपी ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर लापरवाही का लगाया आरोप



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय इकाई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शनिवार को विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कुलसचिव को ज्ञापन सौंपकर अनियमितताओं पर त्वरित कार्यवाही की मांग की।

एबीवीपी ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने तुगलकी आदेश जारी कर पूर्व छात्रों के प्रवेश पर रोक लगा दी है, जबकि पूर्व छात्र विश्वविद्यालय का अभिन्न हिस्सा होते हैं। यह निर्णय प्रशासन की तानाशाही को दर्शाता है, इसलिए इसे तुरंत वापस लिया जाए। एबीवीपी इकाई अध्यक्ष प्रवीण टाक ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी निलंबन आदेश जांच समिति के तीन सदस्यों की असहमति के बावजूद थोपे गए हैं। आरोप है कि यह निर्णय द्वेषवश दबाव डालकर कराया गया है। परिषद ने मांग की कि निलंबन आदेश तुरंत रद्द किए जाएं तथा संबंधित जिम्मेदार अधिकारी को पद से हटाकर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। इकाई सचिव गौतम बंधु ने कहा कि कुलगुरु के विरुद्ध बनी जांच समिति को आवश्यक दस्तावेज अब तक उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। इसमें जानबूझकर देरी की जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बाद से सेमेस्टर लगातार विलंब से चल रहे हैं, जिससे छात्रों के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। एबीवीपी ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही कार्यवाही नहीं हुई तो परिषद उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नंदलाल मीणा का निधन, 80 वर्ष की आयु में अहमदाबाद के अस्पताल में ली अंतिम सांस, लंबे समय से थे बीमार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर/प्रतापगढ़। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व जनजातीय कैबिनेट मंत्री नंदलाल मीणा का शनिवार को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और अहमदाबाद के एक अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। निधन की सूचना से आदिवासी अंचल सहित प्रदेशभर में शोक की लहर दौड़ गई। वर्तमान में उनके पुत्र हेमंत मीणा राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। नंदलाल मीणा का जन्म 25 जनवरी 1946 को प्रतापगढ़ जिले के अंबामाता का खेड़ा गांव में हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर से बी.ए. और एल.एल.बी. की पढ़ाई पूरी की। वे खेती-बाड़ी के साथ ही सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे। उन्होंने 1972 में पहला विधानसभा चुनाव लड़ा, किंतु सफलता नहीं मिली। 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर उदयपुर ग्रामीण से पहली बार विधायक बने। 1980 में मुंबई अधिवेशन में भाजपा के गठन के समय वे भी उपस्थित रहे और पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शुमार हुए। नंदलाल मीणा कुल 7 बार विधायक, 1 बार सांसद और 3 बार मंत्री रहे। वसुंधरा राजे सरकार में उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला और उन्होंने आदिवासी अंचल में हॉस्टल, एनीकट, सिंचाई योजनाओं व सड़कों के निर्माण में अहम योगदान दिया। 2016 में उन्होंने भील प्रदेश की मांग का समर्थन करते हुए कहा था कि यदि इसके लिए उन्हें मंत्री पद छोड़ना पड़े तो वे तैयार हैं। 2018 में स्वास्थ्य खराब होने पर उन्होंने सक्रिय राजनीति से दूरी बना ली। इसके बाद पार्टी ने उनके बेटे हेमंत मीणा को टिकट दिया। पूर्व मंत्री मीणा को आदिवासी समाज में उनके काम और संघर्ष के लिए याद किया जाता है। उनके निधन पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

कैट विमेन विंग का रास-डांडिया महोत्सवः डॉ. उर्मिला जैन बनी कैट डांडिया क्वीन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 27 सितम्बर। कैट वूमेन विंग उदयपुर की ओर से स्वागत वाटिका में भव्य रास-डांडिया महोत्सव 2025 का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन एवं मां दुर्गा की आरती से हुआ, जिसमें कन्याओं का पदपक्षालन एवं पूजन हुआ। कैट विमेन विंग उदयपुर अध्यक्ष एवं मेवाड़ रीजन इंचार्ज विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि यूसीसीआई अध्यक्ष एवं कैट नेशनल गवर्निंग काउंसिल मेंबर मनीष गलूंडिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता कैट उदयपुर चैप्टर अध्यक्ष दिनेश चोरडिया ने की, विशिष्ट अतिथि एनआईसीसी की डायरेक्टर डॉ स्वीटी छाबड़ा, स्वागत वाटिका डायरेक्टर विवेक मेनारिया एवं विवेक पाराशर थे। डांडिया विशेषज्ञ सुश्री नेहा शर्मा के निर्देशन में मनमोहक गरबा एवं डांडिया प्रस्तुतियाँ हुईं, जिनमें सभी ने एक समान स्टेप्स से समा बाँध दिया।

सचिव डॉ सोनू जैन ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित कर विजेताओं को सम्मानित किया गया। कैट डांडिया क्वीन - उर्मिला मंडावत, बेस्ट ड्रेस अप फीमेल- योगिनी दक, बेस्ट डांडिया मेल- तपवन जायसवाल, बेस्ट डांडिया फीमेल - मधु जायसवाल, बेस्ट डांडिया कपल- चेतन मेहता एवं विजेता मेहता, बेस्ट गरबा ज्वेलरी क्वीन - नयना जैन, कैट डांडिया प्रिंस- अवीर सिंह छाबड़ा, कैट डांडिया प्रिंसेस - अनया कौर छाबड़ा, कैट सीनियर सिटीजन गरबा अवॉर्ड - मंजू बोर्डिया, कैट क्यूटेस्ट पार्टिसिपेंट्स - चार्ली बोर्डिया, बेस्ट एनर्जेटिक डांडिया कपल 1 लीना - उविष जायसवाल, 2 ऋतु भटनागर, 3 प्रीति जैन रहे। निर्णायक मंडल श्रद्धा गट्टानी एवं मधु सरीन थी।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।